# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 17 मार्च, 2016/27 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 37

----

### बल्ब वितरण

*2941 **श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2016 तक केन्द्र सरकार द्वारा M/s Energy Efficiency Services Ltd. द्वारा कार्यान्वित एल0ई0डी0 बल्ब वितरण योजना हेतु कितनी धनराशि/ अन्य वस्तुएं उपलब्ध करवाई गई;

(ख) कितने उपभोक्ताओं को बल्ब एवं अन्य सामग्री दी गई व कितनी शेष है;

(ग) किन-किन फर्मों से बल्ब एवं अन्य सामाग्री किस प्रक्रिया द्वारा उपलब्ध करवाई गई; इस टैण्डर प्रक्रिया के दस्तावेज़ सभा पटल पर रखें;

(घ) कितनी-कितनी राशि उपभोक्ताओं से इन सामग्री की लागत के रूप में ली जा रही है; और

(ङ) विभाग द्वारा जिन उपभोक्ताओं को बल्ब आबंटित किए गए उनके बिजली बिलों में कितनी कमी/बढ़त पाई गई व इन बल्बों की कितनी गारंटी/वारंटी है?

----

## Industrial Area Dabhotta

***2942 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of proposed Industrial area at Dabhotta;

(b) what are the bottlenecks & by when it will be sanctioned; and

(c) what is the present status of proposed Biotechnology Park at Aduwal & by when the same will be sanctioned?

----

## पुल निर्माण

***2943 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग मटौर में अंग्रेजों के समय का बना पुल जर्जर अवस्था में है और यहां घंटों जाम लगने से यातायात अवरूद्ध रहता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस पुल का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ग) इस पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध खनन के मामले

***2944 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि वहुली कोठी पपरोला में बिनवा खड्ड में रेत बजरी का अवैध खनन हो रहा है; यदि हां, तो गत एक वर्ष में कितने मामले दर्ज किए गए; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***2945 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर(कसौली) के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर; और

(ग) भवन निर्माण की प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ कर दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## कूहल निर्माण

***2946 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग के भू-संरक्षण अनुभाग द्वारा कितनी कूहलों का निर्माण किया गया; ब्यौरा राशि सहित दें; और

(ख) इस अवधि में कितनी कूहलें निर्माणाधीन थी; ब्यौरा दें?

----

## श्रम अधिकारी के पास मामले

***2947 श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत दो वर्षों में BBNDA में श्रम अधिकारी के पास कितने मामले कामगारों के आये; उनमें से कितनों का निपटारा किया गया और कितने शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में निपटाए गए मामलों में कितने मामले लेबर के हक में हुए तथा कितने उद्योगपतियों के पक्ष में गए; ब्यौरा दें?

----

## सायरीघाट-नेरी सड़क

***2948 श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) जिला सोलन के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल कुनिहार द्वारा सायरीघाट-नेरी सड़क का मैटलिंग/टारिंग का कार्य कब पूर्ण किया गया;

(ख) यह सत्य है कि जिस ठेकेदार द्वारा यह कार्य किया गया उसने गांव बकेसू के पास लगभग 200 मीटर सड़क को बिना मैटलिंग/टारिंग किए छोड़ दिया था; और

(ग) यदि हां, तो इस अधूरे छोड़े गए पैच को कब तक पक्का कर दिया जाएगा तथा दोषी ठेकेदार के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## सीमेंट उद्योग की स्थापना

***2949 श्रीमती आशा कुमारी(डलहौजी) :**
**श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री बी0 के0 चौहान(चम्बा) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने सीमेंट उद्योग हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार जिला चम्बा में भी सीमेंट उद्योग लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां-कहां पर; ब्यौरा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## सड़क/पुल निर्माण

***2950 श्री विजय अग्निहोत्री(नदौन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न सडकों व पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है:-

(i)मैड़-टिक्कर वाया मनगुल, बटूरड़े, जियाणा, सुकराला सड़क;

(ii)पनसाई से भूम्पल वाया रामनगर सड़क;

(iii)मंझोली से तरकेहड़ी सड़क;

(iv)तरकेहड़ी-भूम्पल पुल;

(ख) इनका निर्माण कार्य किस-किस ठेकेदार को दिया गया; और

(ग) इनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है और इन पर दिनांक 31-1-2016 तक कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा निर्माण कार्य में देरी सहित दें?

----

## सब्जी मण्डी का निर्माण

***2951 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि कुछ माह पूर्व मेहन्दली(रोहडू) में नई सब्जी मण्डी का निर्माण करने हेतु शिलान्यास किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

*2952 **श्री ईश्वर दास धीमान(भोरंज) :**
**श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक शिक्षा विभाग में अध्यापक संवर्ग के विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने अध्यापक सेवानिवृत्त हुये; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान शिक्षा विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित किये गये व कितने भरे गये; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि अध्यापकों की पदोन्नतियां लम्बे समय से कैडर वाईज नहीं हो रही हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन पदोन्नतियों को करने का विचार रखती है?

----

## ईमारती लकड़ी पर वैट

*2953 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में ईमारती लकड़ी पर कितनी वैट दर है;

(ख) यह दर क्या पड़ोसी प्रदेशों पंजाब, हरियाणा व चण्डीगढ़ से अधिक है;

(ग) यह सत्य है कि प्रदेश में वैट (VAT) की दर अधिक होने के कारण लोग पड़ोसी राज्यों से ईमारती लकड़ी क्रय कर रहे हैं जिससे प्रदेश को करोड़ों रूपयों की हानि हो रही है; और

(घ) सरकार क्या प्रदेश में पड़ोसी राज्यों के वैट दर को लागू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## कार्य की अद्यतन स्थिति

*2954 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग के भू-संरक्षण अनुभाग द्वारा क्या-क्या कार्य किए गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में लाभार्थियों का ब्यौरा उनके नाम व कार्य पर व्यय की गई धनराशि सहित दें ?

----

## सब-स्टेशन निरमण्ड

***2955 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) 22 के0वी0 सब-स्टेशन निरमण्ड का शिलान्यास कब तथा किसके द्वारा किया गया;

(ख) इसकी अनुमानित लागत क्या थी; और

(ग) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा दिनांक 31.1.2016 तक खर्च की गई राशि का ब्यौरा दें?

----

## सोलर लाईट लगाना

***2956 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला सिरमौर में सोलर लाईट लगाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए; कितनी-कितनी स्ट्रीट लाईट, किस-किस गांव में, किस-किस मद से, किस-किस व्यक्ति की अनुशंसा पर लगाई गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार की स्ट्रीट लाईटें लगाने हेतु क्या नीति है; प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## प्रतिनियुक्तियां रद्द करना

***2957 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री नरेन्द्र ठाकुर(सुजानपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत सत्र में सरकार ने शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्तियां रद्द करने की घोषणा की थी;

(ख) यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा इस निर्णय को पूर्ण रूपेण लागू कर दिया है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) विभाग में अभी भी किन-किन पाठशालाओं में प्रतिनियुक्तियां की जा रही हैं; ब्यौरा दें;

(घ) कितने मामले ऐसे हैं कि वेतन तो एक जिले से आ रहा है और स्वयं अध्यापक दूसरे जिले में कार्यरत हैं; ब्यौरा अध्यापकों के नाम-पते सहित दें; और

(ङ) यह भी सत्य है कि वर्तमान में हमीरपुर के कार्यालय में शिक्षा विभाग के उप-निदेशक के कार्यालय में छः अध्यापक प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं; यदि हां तो सरकार इन्हे कब तक पाठशालाओं में तैनात करेगी; ब्यौरा दें?

----

## अवैध खनन

***2958 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिलाधीश कांगड़ा को अध्यक्ष, जन कल्याण अवाम अधिकार सुरक्षा समिति, गांव व डाकघर कन्दरोड़ी, तहसील इन्दौरा, जिला कांगड़ा ने अवैध खनन की शिकायत की थी; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस पर क्या कार्रवाई की; ब्यौरा दें?

----

## प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना

***2959 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) मार्च, 2013 से 31-1-2016 तक नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग ने 500 आबादी व 250 आबादी वाले गांव को जोड़ने के लिए प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें डाली हैं; विवरण दें;

(ख) कितनी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी है; विवरण दें; और

(ग)प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पन्यास से कटेरू सड़क का उद्घाटन कब किया गया; इसकी लम्बाई कितनी है और किसानों ने सड़क हेतु कितनी-कितनी भूमि दान दी है; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## पन विद्युत परियोजना

***2960 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर में ब्यास नदी पर बनने वाली थाना पलौण (Plaun) पन विद्युत परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## सरकारी आवास

***2961 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा शिमला स्थित सरकारी कार्यालयों/आवासों में स्थापित पानी की टैंकियों की सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में इन टैंकियों की सफाई कब-कब तथा किस एजैन्सी के माध्यम से करवाई गई; ब्यौरा दें?

----

## तालाब का पुनरूद्धार

***2962 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि तहसील देहरा के अन्तर्गत हरिपुर स्थित प्राचीन/ऐतिहासिक तालाब के पुनरूद्धार का मामला सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो विभाग द्वारा अभी तक क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## महाविद्यालय की स्थापना

***2963 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र भटियात के अन्तर्गत सिहुन्ता में महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) इस महाविद्यालय हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो किस स्थान पर तथा इस भवन निर्माण हेतु वर्तमान में कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## अध्यापकों की भर्ती

***2964 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिक्षा विभाग में अध्यापकों की कितनी श्रेणियां हैं और इन श्रेणियों की किन-किन माध्यमों से भर्ती की जाती है; ब्यौरा श्रेणीवार दें;

(ख) यह सत्य है कि विभाग अध्यापकों की कुछ श्रेणियों की भर्ती 50:50 आधार (50 बैच वाईज आधार पर और 50 कमीशन या बोर्ड द्वारा) पर करता है;

(ग) यह भी सत्य है कि अध्यापकों की तदर्थ भर्ती व अन्य अप्रत्यक्ष भर्ती के माध्यमों के कारण गुणात्मक शिक्षा में गिरावट आई है; और

(घ) यदि हां , तो सरकार इसके सुधार हेतु क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## अग्निशमन केन्द्र की स्थापना

***2965 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जनहित में अग्निशमन केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो यह केन्द्र कब तक स्थापित कर दिया जाएगा?

----

## मशीनरी का स्थानान्तरण

***2966 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में लोक निर्माण मण्डल गोहर से मशीनरी को अन्य मण्डल में भेजा गया है; और

(ख) यदि हां, तो कब व कौन-कौन सी मशीनरी को अन्य मण्डलों में भेजा गया; ब्यौरा दें?

----

## विकास कार्य हेतु धनराशि

***2967 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में MPLAD के अन्तर्गत लोकसभा/राज्यसभा सांसदों द्वारा कितनी-कितनी राशि किन-किन विकास कार्यों के लिए दी गई; इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं तथा कितने प्रगती पर हैं; कितने कार्यों की राशि किन-किन कारणों से unspent पड़ी है; ब्यौरा कार्यों का वर्षवार दें;

(ख) कितनी-कितनी राशि उन गांवों को दी गई जिन्हें गोद लिया गया;

(ग) कितनी राशि का समय सीमा में आबंटन न होने के कारण धनराशि surrender की गई; ब्यौरा सांसदवार दें; और

(घ) कितने कार्यों की राशि को पुनः बदला गया; ब्यौरा कार्यवार दें?

----

## आपराधिक मामलों को वापिस लेना

***2968 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में (दिनांक 1-1-2013 से 31-1-2016 तक) उपायुक्तों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कितने-कितने आपराधिक मामलों को वापिस लेने (withdrawal) हेतु अनुशंसा (recommendation) की गई और तद्नुसार कितने मामले वापिस लिए गए; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## रेल सुविधा

***2969 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) बद्दी को रेलवे से जोड़ने हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए कितनी धनराशि केन्द्र से प्राप्त हो चुकी है; और

(ख) सरकार भू-अधिग्रहण का कार्य कब तक शुरू करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## अध्यापकों की पदोन्नति

***2970 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश की राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं में कितने JBT, CHT अध्यापक कार्यरत हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) SC, ST, OBC वर्ग के कितने JBT अध्यापकों को पदोन्नत किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) JBT अध्यापकों की पदोन्नति हेतु क्या नीति बनाई गई है; ब्यौरा दें ?

----

## भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन

***2971 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पर्यटन निगम में विभिन्न पदों हेतु भर्ती व पदोन्नति नियमों का सृजन किया गया है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इन नियमों में पिछले तीन वर्ष में कितनी बार संशोधन किया गया; ब्यौरा संशोधित नियमों का पदवार दें;

(ग) यह भी सत्य है कि कुछ पदों पर अनपढ़ लोगों को पदोन्नति दी गई; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) निगम में कुछ कनिष्ठ कर्मचारियों का वेतन वरिष्ठ कर्मचारियों से अधिक है; ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ङ) इन नियमों में बदलाव क्या Board of Directors के स्तर पर किया गया है; यदि हां, तो कारण ?

----

## पुल/सड़क निर्माण

***2972 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में अनुसूचित जाति उप-योजना (SCSP) के अन्तर्गत पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने Roads/Bridges का निर्माण किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें से अभी तक कितनों पर कार्य चल रहा है; विवरण दें?

----

## ढालपुर-कुल्लू-लगघाटी सड़क

***2973 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ढालपुर कुल्लू से लगघाटी (कणोण) तक सड़क का निर्माण किस Head में किया जा रहा है;

(ख) इसकी अनुमानित लागत कितनी है; और

(ग) इस सड़क का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया; ब्यौरा अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र घोषित

***2974 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत सत्र में विशेष उल्लेख के माध्यम से प्रदेश में मलाणा, डोडराक्वार, गिरीपार के क्षेत्र को अनुसूचित जनजाति क्षेत्र घोषित करने के लिए मामला भारत सरकार को भेजने का आग्रह किया गया था; और

(ख) यदि हां, तो क्या सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर दस्तावेजों को भारत सरकार को भेज दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## बी0बी0एम0बी0 कलौनी-सुन्दरनगर-सुसनज्वाला सड़क

***2975 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत B.B.M.B. कलौनी सुंदरनगर से सुसनज्वाला सड़क की मैटलिंग व टारिंग के कार्य को विधायक प्राथमिकता में कब डाला गया;

(ख) सड़क का यह कार्य क्या पूर्ण हो चुका है या नहीं; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना

***2976 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है सरकार ने प्रदेश में सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो यह पैनल किस-किस कार्यालय की छत पर कितनी-कितनी क्षमता के स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा दें?

----

## Civil Court की स्थापना

***2977 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भटियात में Civil Court नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार यहाँ Civil Court कब तक स्थापित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 1 मार्च, 2016 .** **सचिव।**